# परिषद की बैठक आज, 98 बिन्दुओं पर होगी चर्चा, हंगामा होने के आसार

**बैठक के पहले नेता प्रतिपक्ष ने नपाध्यक्ष पर जड़े आरोप**

**पार्षद पतियों एवं पुत्रों पर रहेगी आज सबकी नजर**


**नवभारत न्यूज टीकमगढ।**
**शहर सरकार की परिषद बैठक का आज आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। इस बैठक में इस बार शहर विकास के कुल 98 बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी। इन बिन्दुओं में शहर के विभिन्न विकास कार्य शामिल हैं। हालांकि बैठक के एक दिन पहले ही नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष ने नपाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाकर उन्हें विकास विरोधी बताया है।**

पिछली बैठक में हंगामें के बाद कुछ विषयों को स्वीकृति नहीं मिली थी, तब से नगर पालिका में पक्ष और विपक्ष में तनातनी के बीच एक बार फिर परिषद की बैठक आयोजन होने जा रही है। इस बार यह बैठक हंगामें के बीच संपन्न होने की संभावना जताई जा रही है। इतना ही नहीं परिषद के बैठक में उपस्थित होने वाले पार्षद पतियों एवं पुत्रों को भी इंट्री नहीं मिलने की खबर है। इस बात को सीएमओ नगर पालिका ओमपाल भदौरिया ने कहा है कि उनकी इंट्री पूरी तरह अनाधिकृत रहती है। शायद इसलिए इस बैठक में सिर्फ पार्षद ही नजर आएंगे। बैठक को लेकर पूरी तैयारी हो चुकी हैं।

## इन विकास कार्यों सहित अन्य बिन्दुओं पर भी होगी सदन में चर्चा

नगर पालिका द्वारा आयोजित होने वाली बैठक में इस बार जिन बिन्दुओं पर चर्चा होनी है उनमें बंडा नाला के डीएफओ बंगला के पीछे खादी आश्रम की पुलिया होते हुए राजा की दीवार तक आरसीसी कवर्ड पक्का नाला निर्माण कार्य की निविदा दर स्वीकृत एवं वित्तीय स्वीकृति पर चर्चा, निकाय स्वामित्व के विभिन्न मार्केटों में रिक्त दुकानों की नीलामी पर विचार, निकाय स्वामित्व की दुकानों की लंबे समय से प्रीमियम राशि जमा न करने वाले दुकानदारों की दुकानें निरस्त कर पुनः निलामी किए जाने पर विचार एवं चर्चा, निकाय स्वामित्व की दुकानों से मासिक किराए में वृद्धि करने पर विचार, दुकान किराया बकाया दरों का आवंटन निरस्त करने पर विचार, बाजार बैठकी, बस स्टेण्ड फीस, पार्किंग शुल्क बसूली के संबंध में विचार, उपभोक्ता प्रभार अधिरोपण करने के संबंध में विचार, प्रधानमंत्री आवास 2.0 अंतर्गत अपात्र पाए गए 18 हितग्राहियों के अनुमोदन पर चर्चा, प्रधानमंत्री आवास योजना एएचपी घटक अंतर्गत ढोंगा कृषि उपज मंडी के पास निर्माणाधीन 288 यूनिट ईडब्ल्यूएस फ्लेटों के समीप 193 एलआईजी प्लाटों के विक्रय की स्वीकृति पर विचार, प्रधानमंत्री आवास योजना एएचपी घटक 2.0 अंतर्गत 1435 आवासों का जीपीआर तैयार करने की स्वीकृति पर विचार, जिला कलेक्ट्रेट प्रांगण में स्व. राजीव गांधी पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा स्थापित कराए जाने की स्वीकृति पर विचार, निकाय क्षेत्रांतर्गत मुक्तिधामों का मरम्मत, पुताई, लाईट, व्यवस्था सौन्दर्यीकरण कार्य की स्वीकृति पर विचार, अंबेडकर तिराहे से बैकुण्डी नया बस स्टेण्ड के आगे तक दूसरी तरफ बीटी रोड़ नवीनीकरण कार्य की स्वीकृति पर विचार, अंबेडकर तिराहे से घंटाघर होते हुए प्रतापेश्वर महादेव मंदिर तक एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल से ताल दरवाजा होते हुए मिश्रा चौराहे तक बीटी रोड़ नवीनीकरण कार्य की स्वीकृति पर विचार, कलेक्ट्रेट से मिश्रा चौराहा तक एवं अस्पताल चौराहा से अंबेडकर तिराहा तक बीटी रोड़ नवीनीकरण कार्य की स्वीकृति पर विचार, मिश्रा चौराहा से जवाहर चौक होते हुए रूसिया मंडपम तक, कोतवाली से लेकर जय स्वतंभ तक, जवाहर चौराहा से स्टेट बैंक चौराहा तक, पुरानी नगर पालिका चौराहा से पपौरा चौराहा, कटरा बाजार से सनमति चौराहा तक, पुराने पोस्ट ऑफिस से सुभाष बुक डिपो तक बीटी रोड़ नवीनीकरण कार्य की स्वीकृति पर विचार, चकरा तिगैला से डुमरऊ तिगैला तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य एवं डिवाईडर निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार, नजरबाग परिसर में पार्किंग शुल्क निर्धारित करने पर विचार, नगर में आटो रिक्शा स्टेण्ड हेतु स्थान चिह्नित करने पर विचार, नगर भवन की आवश्यक मरम्मत एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य की स्वीकृति पर विचार, महेन्द्र सागर तालाब में वोट क्लब/वाटर स्पोर्ट्स संचालन हेतु प्रशासकीय स्वीकृति के संबंध में, एसडीआरएफ योजनांतर्गत वृन्दावन तालाब से शिवनगर कालोनी तक निर्माणाधीन आरसीसी नाला का चौड़ीकरण कार्य की स्वीकृति पर विचार, अवैध नल कनेक्शन धारियों पर दण्डात्मक कार्यवाही करने पर विचार, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाहन 5 नग क्रय करने की स्वीकृति पर विचार, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कचरा परिवहन हेतु नवीन ट्रैक्टर ट्राली 5 नग एवं डंपर 1 नग क्रय करने की स्वीकृति पर विचार, नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत पार्कों, डिवाईडर, पुताई/सौन्दर्यीकरण/रेनोबेशन का कार्य की दर स्वीकृति पर चर्चा, विभिन्न वार्डों में विद्युत पोल स्थापना कार्य की दर स्वीकृति पर विचार, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) अंतर्गत एमआरएफ कंपोस्टिंग प्लांट निर्माण हेतु निविदा दर स्वीकृति पर विचार, एम्पलाईमेंट कंसलटेंट नियुक्त सुपरवीजन करने हेतु प्राप्त निविदा दर स्वीकृति पर विचार, वार्ड 1 लक्ष्मण कुशवाहा के मकान से मुकेश कुशवाहा एवं प्रेमलाल कुशवाहा के मकान से घनश्याम कुशवाहा के मकान तक नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार, वार्ड 1 भरी तलैया कालोनी में सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार किया जाएगा। इसके साथ ही वार्ड 1 पुरानी टेहरी बड़ी देवी मंदिर से लेकर अंश डाकुर के मकान तक सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार, वार्ड 1 कामता कुशवाहा के मकान से रमेश कुशवाहा एवं अजय कुशवाहा के मकान से रामकुंवर के मकान तक नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार, वार्ड 2 में परिमल व्यास के घर से लेकर कमल कुशवाहा के घर तक सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार, वार्ड 2 निषादराज भवन में 8 दुकानें एवं 4 कमरे निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार, वार्ड 2 सागर वायपास पर एक सर्वसुविधायुक्त शौचालय एवं मुसाफिर खाना के निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार, वार्ड 2 देवेन्द्र कुशवाहा के मकान से दीपक विश्वकर्मा के मकान तक नाली निर्माण कार्य स्वीकृति पर विचार, वार्ड 2 जरिया का मजरा में स्थित इमला बाबा के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार, वार्ड 3बाबा नायक के मकान के पास की आंगनबाड़ी में एक सामुदायिक हॉल का 4 कमरा निर्माण, बंशी साहू के मकान से सुनील चौधरी के मकान तक नाली निर्माण, शट्टू के मकान से सुक्कन भटनागर के मकान तक पेवर्स निर्माण एवं सुनील चौधरी के मकान से संजू जैन के मकान तक पेवर्स निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार, वार्ड 5 संतोष अग्रवाल के मकान से पधारो जी गार्डन तक नाला निर्माण कार्य। वार्ड 6 बोरी दरवाजा स्थित पुरानी नगर पालिका के भवन को तोड़कर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार, वार्ड 7 कटरा बाजार से दामोदर अहिरवार के मकान तक, धनुषधारी मंदिर से बोरी दरवाजा तक डामरीकरण एवं नाली व क्रासिंग निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार, वार्ड 8 मुकेश लाज के सामने वाली गली में बड़ापुरा/कुरयाना मुहल्ला में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार, वार्ड 10 एवं 11 में अली के घर से अहमद के घर तक, सद्दाम के घर से अजन्ता वाले के घर तक, जमीला के घर से कुआ तक एवं असलम मुखिया के घर से नक्को के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार, वार्ड 10 बीड़ी मजदूर कालोनी में बाउण्ड्री निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार, वार्ड 11 में लोहिया जी के मकान वाली पुलिया से बालचन्द्र अहिरवार के घर तक पानी की निकासी हेतु आरसीसी नाला निर्माण पर चर्चा, वार्ड 13 में राजमहल से सट्टू साहू के मकान तक सीवर लाईन अखाड़ा मंदिर से लक्ष्मण रैकवार के मकान तक सीवर लाईन, पूर्व वार्ड में सीवर लाईन 4 हैण्डपंप, नलकूप खनन, 500 मीटर नल की पाइप लाईन डलवाने, छूटी हुई तीन गलियों में सीसी रोड़ डलवाने तथा सुनील घुवारा से लक्ष्मण रैकवार तक कैलाश पार्षद से बजरंग अखाड़ा तक, बजरंग अखाड़ा से ततू के मकान तक कवर्ड नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार के साथ-साथ नगर के अन्य विभिन्न कार्यों को जोड़ते हुए कुल 98 बिन्दुओं पर आज चर्चा के स्वीकृति एवं अस्वीकृति दी जाएंगी।

### नेता प्रतिपक्ष के बैठक से पहले आरोप



बैठक के एक दिन पहले सोमवार को प्रेस वार्ता कर नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू ने नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पर विकास विरोधी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि अध्यक्ष मनमाने ढंग से काम करने में लगे हुए हैं। अध्यक्ष 5 लाख रुपए तक के कार्यों के भुगतान के संबंध में फाईलों पर हस्ताक्षर नहीं करते। उन्होंने यह भी कहा कि अध्यक्ष मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर कमीशनखोरी के झूठे आरोप लगाकर उन्हें बदनाम कर रहे हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि पांच लाख रुपए तक के टेंडरों में अध्यक्ष का कोई सीधा हस्तक्षेप नहीं होता इसी कारण ठेकेदार उनकी क्रेशर से गिट्टी और रेत नहीं खरीदते जिससे अध्यक्ष नाराज हैं।

इस बात पर जबाव देते हुए अब्दुल गफ्फार ने सारे आरोपों को नकारा है। उन्होंने कहा है कि विपक्षी पार्षद एवं अभिषेक खरे द्वारा आरोप निराधार हैं। मुझे इनके आरोपों की चिंता नहीं है। होने वाली परिषद की बैठक में विकास का एजेंडा रखा जाएगा, शहर की जनता स्वयं देखेगी कि कौन विकास विरोधी है।

### एक नजर में

## औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि आवंटित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**शासन के निर्देशानुसार जिला में मध्यप्रदेश औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के अंतर्गत औद्योगिक प्रयोजन हेतु ग्राम रामनगर खुर्द तहसील जतारा में 130.566 हेक्टेयर भूमि, ग्राम सिमराखुर्द तहसील पलेरा में 62.061 हेक्टेयर भूमि, ग्राम दिनऊ तहसील पलेरा में 10.516 हेक्टेयरभूमि आवंटित की जा रही है।**

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक विकास को प्रमुखता से प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय औद्योगिक विकास की संकल्पना को सामने रखा गया है। जिला प्रशासन द्वारा जिले में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमपीआईडीसी के प्रबंध संचालक से अनुरोध किया गया था, इसी क्रम में पिछले दिनों कार्यकारी संचालक प्रतुल सिंह द्वारा भ्रमण कर जिला टीकमगढ़ में मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम अंतर्गत मध्यप्रदेश औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग को औद्योगिक प्रयोजन हेतु कुल 203.143 हेक्टेयर भूमि आवंटन का चिन्हांकन किया गया था। जिसके आवंटन की कार्यवाही प्रचलन में है। शीघ्र ही आवंटन की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।

# कड़ाके की ठंड से आम जनमानस का जनजीवन प्रभावित



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**दिसंबर माह के अंत में पड़ रही कड़ाके की ठंड ने लोगों का जनजीवन प्रभावित करके रख दिया है जिसका असर जारी है। पिछले 24 घंटे से आसमान में बादल छाए रहने और सर्द हवाओं के कारण रविवार को दिन का तापमान 6.5 डिग्री गिरकर 19 डिग्री पर पहुंच गया। रात का तापमान 10.6 डिग्री दर्ज किया गया।**

मौसम विभाग ने रविवार और सोमवार को आसमान में बादल छाए रहने की संभावना जताई थी। इसी के चलते रविवार को पूरे दिन धूप नहीं निकली और सोमवार सुबह भी घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार से आसमान साफ होने और धूप निकलने की संभावना है। मौसम साफ होते ही दिन का तापमान 25 डिग्री के आसपास और रात का तापमान 8 से 9 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है।भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री दर्ज किया गया था। शनिवार को अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस रहा था। पिछले 24 घंटे से चल रही सर्द हवाओं और धूप न निकलने के कारण लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। कड़ाके की ठंड ने लोगों का जनजीवन प्रभावित करके रख दिया है जिसका असर जारी है। पिछले 24 घंटे से आसमान में बादल छाए रहने और सर्द हवाओं के कारण रविवार को दिन का तापमान 6.5 डिग्री गिरकर 19 डिग्री पर पहुंच गया।

## संस्था ने किया बोरी बंधान कार्य

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**मप्र जन अभियान परिषद विकास खंड बल्देवगढ़ में जल संचय अभियान अंतर्गत सेक्टर देरी के ग्राम गुना की सादली नदी पर नवांकुर संस्था बेटी बाई समाज सेवा समिति और ग्राम विकास प्रस्फुटन गुना के सहयोग से बोरी बंधन कार्य किया गया।**

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य छत्रपाल सिंह ,सरपंच रवि राजा बुंदेला के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

# एफएलडब्लू का प्रशिक्षण स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित

**नवभारत न्यूज, जतारा।**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जतारा में सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के निर्देशन में सांस अभियान के तहत एक दिवसीय एफएलडव्लू का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 28 दिसंबर तक जिले भर में चलाएं जाएगें।**




जानकारी के अनुसार सांस कार्यक्रम के अंतगर्त विभिन्न बीमारियों की जांच से संबंधित सलाह दी गई। जिसमें 5 साल तक के बच्चों का निमोनिया से उपचार एवं रखरखाव संबंधी समस्त जानकारियां सेक्टर मेडिकल ऑफिसर सहित कर्मचारियों को प्रशिक्षण के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित बीएमओ अंकित साहू, डॉ वरुण जिला कम्युनिटी मोबिलाइज ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर एवं डीसीएम उपस्थित रहे। जिन्होनें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जतारा में सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के निर्देशन में सांस अभियान कार्यक्रम में भाग लिया।

## किसान लें फार्म ऐप सर्विसेस का लाभ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**फार्म ऐप के जरिए कृषक अपने ट्रैक्टर व कृषि यंत्रों को किराए पर दे सकते है तथा कृषि यंत्रों को किराए पर बुक भी कर सकते है। फार्म सर्विसेस ऐप पर किसान स्वयं को सेवा प्रदाता, कृषक व एफपीओ के रूप में रजिस्टर कर जे फार्म सर्विसेस का लाभ ले सकते है।**

जानकारी के अनुसार जे फार्म सर्विसेस ऐप ठीक ओला उबर की तरह कृषि यंत्रों को किराए पर देने व लेने की के लिए कार्य करता है। किसान भाई जे फार्म सर्विसेस ऐप अपने मोबाइल पर प्ले स्टोर से जे फार्म सर्विसेज सर्च कर डाउनलोड कर सकते है तथा अपने मोबाइल नंबर से स्वयं को ऐप पर रजिस्टर कर सकते है। अब तक 69 निजी कस्टम हायरिंग केंद्र, 27261 कृषक, 699 सेवा प्रदाता यंत्र किराए पर देने वाले के साथ कुल 1001 कृषि यंत्र जे फार्म सर्विसेस ऐप पर रजिस्टर हो चुके है।

# राष्ट्रीय शालेय बालक हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**सोमवार को शहर के ढोंगा ग्राउंड पर 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14वर्षीय बालक हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया यह प्रतियोगिता 27 दिसंबर तक जारी रहेगी। सोमवार को हॉकी प्रतियोगिता केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में शुरू हुई। इस मौके पर जिला पंचयात अध्यक्ष श्रीमती उमिता सिंह मौजूद रही। 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्षीय बालक हॉकी प्रतियोगिता में 32 राज्यों से टीमें सहभागिता करेंगी जिले में अभी तक 31 राज्यों की टीम आ चुकी हैं।**



उक्त प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्षीय बालक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 22 दिसम्बर से 27 दिसम्बर तक टीकमगढ़ जिले के ढोंगा ग्राउंड एवं गंजी खाना ग्राउंड पर होगा। जिसकी शुरूआत सोमवार 22 दिसम्बर को केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में ढोंगा ग्राउंड पर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जायेगा। चौहान ने 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्षीय बालक हो चुकी है। हॉकी प्रतियोगिता में 32 राज्यों से टीमें सहभागिता करेंगी जिले में अभी तक 31 राज्यों की टीम आ चुकी हैं। प्रतियोगिता की सभी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि प्रतियोगिता में समस्त राज्यों से आई टीमों को नगर के सभी अच्छे होटल में रुकने की व्यवस्था की गई है आवागमन के लिए बसों का अधिग्रहण किया जा चुका है। भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई है जिसकी प्रति दिवस जांच फूड ऑफि सर द्वारा की जायेगी। खिलाड़ी खेल शिक्षकों की सहायता ली जा रही है।

# पागल कुत्ते ने एक दर्जन लोगों को बनाया अपना शिकार

**घायल लोगों का जिला अस्पताल में उपचार जारी**

**अलग-अलग स्थानों की घटनाएं आईं सामने**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**शहर में रविवार शाम एक पागल कुत्ते ने जमकर उत्पात मचाया। शहर के अलग-अलग इलाकों में इस कुत्ते ने 12 लोगों को काटकर घायल कर दिया। अचानक हुई इस घटना से शहरवासियों में दहशत फैल गई है। सभी घायलों को इलाज के लिए तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा है। इससे पहले शहर में घूम रहे आवारा जानवरों ने कई लोगों को अपनी गिरफ्त में लेकर उन्हें घायल किया था।**



कुत्ते के काटने की घटनाएं शाम करीब शाम 6 बजे शुरू हुई। लक्कड़ खाना मोहल्ला, पुराना बस स्टैंड और एसबीआई चौराहे के पास से गुजर रहे लोग इस कुत्ते का शिकार बने। पीड़ितों ने बताया कि कुत्ता अचानक पीछे से आकर हमला कर रहा था। घायलों में महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हैं जो बाजार का सामान लेने या पैदल घूमने निकले थे।स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में आवारा कुत्तों की संख्या और उनका आक्रामक व्यवहार लगातार बढ रहा है। शहर के कुछ इलाकों में मीट की दुकानें हैंए जहां दुकानदार बचा हुआ कचरा सड़क किनारे फेंक देते हैं। इसे खाने के चक्कर में वहां कुत्तों के झुंड जमा रहते हैंए जो अक्सर राहगीरों पर हमला कर देते हैं। प्रशासन द्वारा इन दुकानदारों पर कार्यवाही न होने से समस्या और बढ गई है।घटना के बाद लोगों में नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ काफी नाराजगी है। जिला अस्पताल पहुंचे घायलों और उनके परिजन ने मांग की है कि पागल कुत्तों को पकड़ने के लिए शहर में स्थायी व्यवस्था की जाए। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही इन कुत्तों को नहीं पकडा गया तो कोई बडी अनहोनी हो सकती है। शहर में रविवार शाम एक पागल कुत्ते ने जमकर उत्पात मचाया। शहर के अलग-अलग इलाकों में इस कुत्ते ने 12 लोगों को काटकर घायल कर दिया। अचानक हुई इस घटना से शहरवासियों में दहशत फैल गई है। सभी घायलों को इलाज के लिए तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा है। पीड़ितों ने बताया कि कुत्ता अचानक पीछे से आकर हमला कर रहा था। घायलों में महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हैं जो बाजार का सामान लेने या पैदल घूमने निकले थे।

**बैठक** — **कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों से की चर्चा**

# टीएल बैठक में यूरिया खाद वितरण व्यवस्था की हुई समीक्षा

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने जिले में यूरिया खाद की वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले में यूरिया खाद का लगभग सभी क्षेत्रों में वितरण किया जा चुका है। जिले के मझौले किसान अर्थात् ऐसे किसान जिनका रकबा 5 एकड़ से अधिक है,जिन्हें और खाद की आवश्यकता है वो भी नियमानुसार खाद वितरण केंद्रों से प्राप्त कर सकते हैं।**



कलेक्टर श्री विवेक श्रोत्रिय ने मौसम को दृष्टिगत रखते हुए किसानों से अपील की है कि वे समय समय पर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जारी की गई सलाह को माने। शीतलहर एवं पाले से फसल की सुरक्षा के उपाय करें। रबी की फसलो को शीतलहर एवं पाले से काफी नुकसान होता है। जब तापक्रम 5 डिग्री सग्रे से कम होने लगता है तब पाला पड़ने की पूर्ण संभावना होती है। जब भी पाला पड़ने की सम्भावना हो या मौसम पूर्वानुमान विभाग से पाले की चेतावनी दी गई हो तो फसल में हल्की सिंचाई दे देनी चाहिए। सिंचाई करने से 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में बढ़ोतरी हो जाती हैं। फसल को पाले से बचाने के लिए आप अपने खेत में रात में 12.00 बजे धुंआ पैदा कर दें जिससे तापमान जमाव बिंदु तक नहीं गिर पाता और पाले से होने वाली हानि से बचा जा सकता है। जिस दिन पाला पड़ने की संभावना हों तब 400 मिली. गंधक के तेजाब को 400 लीटर पानी में घोलकर एक एकड़ क्षेत्र में स्प्रेयर पम्प से छिड़काव करें। पाला से बचाव हेतु यूरिया की 2 ग्राली पानी की दर से घोल बनाकर फसलों पर छिडकाव करें अथवा 8 से 10 किग्रा एकड़ की दर से भुरकाव करें। कलेक्टर श्री विवेक श्रोत्रिय ने जिले में चल रही 69वीं राष्ट्रीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया कि खिलाड़ियों एवं उनके कोच के रहने खाने की व्यवस्था उचित रहे।

समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक नाश्ता, लंच, डिनर मिले। सभी संबंधित जिला अधिकारी निरंतर मॉनिटरिंग पर रहें। बैठक में विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा लोअर बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक विकास को प्रमुखता से प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय औद्योगिक विकास की संकल्पना को सामने रखा गया है।

**इनकी रही मौजूदगी**

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अंजली शर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गुरुवार को रोजगार के लिए लगेगा मेला

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से शा आईटीआई शनि मंदिर के पास जतारा रोड में 25 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से युवा संगमध्रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।**

निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे। उक्त युवा संगम ध्रोजगार मेले में जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश प्रदेश की जानी मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से शा आईटीआई में मेला लगेगा।

## महिला के बैग से मिला मांस, बजरंग दल का हंगामा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**सोमवार को सिविल लाइन रोड पर एक ई-रिक्शा से लगभग 20 किलोग्राम मांस जब्त किया गया। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने एक महिला को रोककर यह मांस पकड़ा और गौ मांस होने का दावा किया। उन्होंने महिला और ई-रिक्शा को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने जब्त मांस को जांच के लिए पशु चिकित्सालय भेजा है।**

बजरंग दल के जिला संयोजक नीलेश उटमालिया के अनुसार, उन्हें पिछले छह महीने से शहर में गौ मांस बेचे जाने की सूचनाएं मिल रही थीं। सोमवार को कार्यकर्ताओं को विशिष्ट जानकारी मिली कि एक महिला ट्रेन से गौ मांस लेकर टीकमगढ़ आ रही है। सूचना के आधार पर महिला ललितपुर से खजुराहो जाने वाली ट्रेन से टीकमगढ़ स्टेशन पर उतरी थी। उसके पास दो बड़े बैग थे। वह एक ई-रिक्शा में बैठकर बाजार की ओर जा रही थी, तभी मिश्रा तिराहे पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने उसे रोका। तलाशी लेने पर बैगों में मांस भरा हुआ पाया गया। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने महिला, ई-रिक्शा और उसके चालक को कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि बजरंग दल की शिकायत पर मांस जब्त कर पशु चिकित्सालय में जांच के लिए भेजा गया है। महिला से पूछताछ जारी है और जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने एक महिला को रोककर यह मांस पकड़ा और गौ मांस होने का दावा किया। उन्होंने महिला और ई-रिक्शा को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने जब्त मांस को जांच के लिए पशु चिकित्सालय भेजा है।